नये जमाने के साथ..

# यश भारत

15th AUGUST स्वतंत्रता दिवस

● जबलपुर ● मंगलवार, 15 अगस्त, 2023





+ CMYK +

'बड़ी-बड़ी बातें करने वाले बातों में ही रह जाते है और हलके से मुस्कुराने वाले बहुत कुछ कह जाते हैं।'

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 194 ● जबलपुर ● मंगलवार, 15 अगस्त, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



एक लिवर एक जीवन... पेज 4

**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान

24डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29 डिसे

हल्की बारिश के आसार



**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

स्वतंत्रता दिवस पर सुधी पाठकों, एजेंटों, समाचार पत्र विक्रेताओं शुभ चिंतकों को यशभारत परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

-स्थानीय संपादक

**अवकाश सूचना**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को यशभारत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त गुरुवार को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# ये नया भारत, न रुकता है और न थकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किला पर 10वीं बार तिरंगा फहराया। 21 तोपों की सलामी दी गई। इस दौरान पीएम ने मणिपुर हिंसा, रिफॉर्म्स पर बात की। साथ ही अपनी सरकार के कामों का 10 साल का हिसाब दिया।पीएम ने देशवासियों को 3 गारंटी भी दी। पहली- अगले कुछ सालों में भारत दुनिया का तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा। दूसरी- शहरों में किराए के मकानों में रहने वालों को बैंक लोन में रियायत मिलेगी। तीसरी- देशभर में 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।इसके अलावा 12 मार्च 2021 को प्रधानमंत्री मोदी ने जिस 'आजादी के अमृत महोत्सव' कार्य म की शुरुआत की थी, उसका समापन भी किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के तिरंगा झंडा फहराने में दो महिला सैन्य अधिकारी मेजर निकिता नायर और मेजर जैस्मीन कौर ने उनकी सहायता की।

## लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी बोले, जल्द शुरू होगी विश्वकर्मा योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देश को 10वीं बार संबोधित करते हुए कहा कि इतना बड़ा देश, 140 करोड़ मेरे भाई-बहन, मेरे परिवारजन... आज आजादी का पर्व मना रहे हैं। मैं देश के कोटि-कोटि जनों को, देश और दुनिया में भारत को प्यार करने वाले, भारत का सम्मान करने वाले कोटि-कोटि जनों को इस महान पर्व की अनेक-अनेक शुभकामनाएं देता हूं।

### वीर शहीदों को नमन

देश की आजादी की जंग में जिस-जिस ने बलिदान दिया है, त्याग किया है, तपस्या की है, मैं उन्हें आदरपूर्वक नमन, उनका अभिनंदन करता हूं।

लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हमने भारत की नई संसद को समय से पहले बना दिया. ये नया भारत है. ये भारत न रुकता है, ये भारत न थकता है और न ये भारत हारता है. पूरी दुनिया को महंगाई ने दबोच रखा है. लेकिन भारत ने महंगाई को नियंत्रित रखने के लिए भरपूर प्रयास किए. हमने देश में महंगाई पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए हैं और इस दिशा में हमारा प्रयास जारी रहेगा. पीएम मोदी ने कहा कि पांच साल के कार्यकाल में 13.5 करोड़ गरीब भाई-बहन गरीबी जंजीर तोड़कर उससे बाहर आए हैं। जब 13.5 करोड़ गरीबी की मुसीबतों से कैसे बाहर निकले हैं- आवास योजना, रेहड़ी-पटरी वालों के साथ ही सुनार, सुतार, राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, औजारों-हाथों से काम करने वाले वर्ग को हम नई ताकत देने जा रहे हैं। हम इस बार विश्वकर्मा जयंती पर विश्वकर्मा योजना शुरू करेंगे। 13-15 हजार करोड़ रुपये से इसे शुरू करेंगे।



### महंगाई पर भी बोले पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है। देश में अनंत अवसर प्रदान करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि हमने देश में महंगाई पर काबू पाने के लिए कई कदम उठाए हैं और इस दिशा में हमारा प्रयास जारी रहेगा।

### तेजी से बढ़ रहा देश

मैं साफ-साफ देख रहा हूं कि ष्टश्वद्गस्र के बाद एक नया ङ्खशह्म्द्यस्र ह्रह्म्स्रद्गह्म्, एक नया ञ्जद्गश-क्कशद्यद्बह्लद्बष्ड्डद्य श्वह्नह्वड्डह्लद्बशठ्ठ, बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ञ्जद्गश-क्कशद्यद्बह्लद्बष्ड्डद्य श्वह्नह्वड्डह्लद्बशठ्ठ की सारी व्याख्याएं बदल रही हैं। बदलते हुए विश्व को आकार देने में आज मेरे 140 करोड़ देशवासियों का सामर्थ्य नजर आ रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि देश अब 6जी टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ रहा है ।

### भारत का आकर्षण बढ़ा

पीएम मोदी ने कहा कि आज त्र20 होस्ट करने का भारत को अवसर मिला है। पिछले एक साल से देश के हर कोने में जिस प्रकार से त्र20 के अनेक आयोजन व कार्य म हुए हैं, उसने देश के सामान्य मानवी के सामर्थ्य से दुनिया को परिचित करवा दिया है। भारत की विविधता को दुनिया अचंभे से देख रही है, जिस कारण भारत का आकर्षण बढ़ा है।

### कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा देश

मैं माताओं-बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं कि देश आज मेरी माताओं-बहनों के सामर्थ्य से आगे बढ़ा है। आज देश प्रगति की राह पर चल पड़ा है तो मेरे किसान भाई-बहनों का पुरुषार्थ है, यह आप ही का परिश्रम है कि देश आज कृषि क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

### तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम सत्ता में आए तो वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में हम 10वें स्थान पर थे। आज 140 करोड़ भारतीयों के प्रयास से हम वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह ऐसे ही नहीं हुआ जब भ्रष्टाचार के राक्षस ने देश को अपनी गिरफ्त में ले लिया था तब हमने इसे रोका और एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाई।

### G20 शिखर सम्मेलन

आज भारत को जी 20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी का अवसर प्राप्त हुआ है। बीते वर्ष में जिस प्रकार भारत के कोने-कोने में जी 20 के अनेक आयोजन हुए, उससे दुनिया को भारत के सामान्य जन के सामर्थ्य, भारत की विविधता का परिचय हुआ है।

### अब विश्व में नई भू राजनीतिक समीकरण

पीएम मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बाद एक नई विश्व व्यवस्था, एक नया भू-राजनीतिक समीकरण बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भू-राजनीति की परिभाषा बदल रही है। आज नई विश्व व्यवस्था को आकार देने में 140 करोड़ लोगों की क्षमता देखी जा सकती है। सुधार, निष्पादन और परिवर्तन से देश बदल रहा है।

### अगले 1000 साल की दिशा होगी निर्धारित

पीएम मोदी ने कहा कि हम जो भी करेंगे, जो भी कदम उठाएंगे, जो फैसला लेंगे, वो अगले एक हजार साल तक अपनी दिशा निर्धारित करने वाला है, भारत के भाग्य को लिखने वाला है।

### सपनों का साकार करने की क्षमता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज हमारे पास जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और विविधता है - ये तीनों मिलकर देश के सपनों को साकार करने की क्षमता रखते हैं। जनसांख्यिकी, लोकतंत्र और विविधता की त्रिमूर्ति देश के सपनों को साकार करने की शक्ति रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं पिछले 1000 वर्षों की बात इसलिए कर रहा हूं क्योंकि मैं देख रहा हूं कि देश के सामने एक बार फिर अवसर है। अभी हम जिस युग में जी रहे हैं इस युग में हम जो करेंगे, जो कदम उठाएंगे और एक के बाद एक जो निर्णय लेंगे, वह स्वर्णिम इतिहास को जन्म देगा।

### बीते कुछ दिनों से मणिपुर में शांति

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में विशेषकर मणिपुर में, जो हिंसा का दौर चला, कई लोगों को अपना जीवन खोना पड़ा, मां-बेटियों के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ। लेकिन कुछ दिनों से लगातार शांति की खबरें आ रही हैं।देश मणिपुर के लोगों के साथ है...समाधान केवल शांति से ही पाया जा सकता है। केंद्र और राज्य सरकार समाधान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है

### प्राकृतिक आपदा का जिक्र

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार प्राकृतिक आपदा ने देश के अनेक हिस्सों में अकल्पनीय संकट पैदा किए। जिन परिवारों ने इस संकट को सहन किया है मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। राज्य-केंद्र सरकार मिलकर उन सभी संकटों से मुक्त होकर तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ेंगी, ये विश्वास दिलाता हूं।

### देश में आतंकी हमलों में भारी कमी आई

आतंकी घटनाओं पर पीएम मोदी ने कहा कि आए दिन हम लोग चर्चा करते थे कि यहां धमाका हुआ, वहां धमाका हुआ। हर कहीं लिखा होता था कि इस सामान को हाथ न लगाएं। आज देश सुरक्षा की अनुभूति कर रहा है। जब सुरक्षा-शांति होती है तब प्रगति के नए अरमान हम पूरे कर सकते हैं। सीरियल बम धमाकों का जमाना अब बीते हुए कल की बात हो गई है। आज देश में आतंकी हमलों में भारी कमी आई है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बहुत बड़ा बदलाव आया है।

**» न्यूज गैलरी**

### भारत ने चुनौतियों को अवसर में बदला



**नई दिल्ली, ईएमएस।** देश के 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधित किया। उन्होंने देश के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी रहा है, इसलिए स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम केवल एक व्यक्ति ही नहीं हैं, बल्कि हम एक ऐसे महान जन-समुदाय का हिस्सा हैं, जो अपनी तरह का सबसे बड़ा और जीवंत समुदाय है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों का समुदाय है। जाति, पंथ, भाषा और क्षेत्र के अलावा, हमारी अपने परिवार और कार्य-क्षेत्र से जुड़ी पहचान भी होती है, लेकिन हमारी एक पहचान ऐसी है, जो इन सबसे ऊपर है, और हमारी वह पहचान है, भारत का नागरिक होना। राष्ट्रपति ने कहा कि देश ने चुनौतियों को अवसरों में बदला है और प्रभावशाली जीडीपी ग्रोथ दर्ज की है। हमारे अन्नदाता किसानों ने हमारी आर्थिक वृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। मैं अपने आदिवासी भाई-बहनों से अपील करती हूं कि आप सब अपनी परंपराओं को समृद्ध करते हुए आधुनिकता को अपनाएं। उन्होंने देश के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी रहा है इसलिए स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए गौरव का दिन है।

### रीवा में फिर हादसा, सोलर प्लांट की बोलेरो नदी में गिरी, दो कर्मचारियों की मौत

**रीवा, यशभारत।** जिले में फिर सड़क हादसा हो गया। गोविंदगढ़ थाना के अमिलकी में सोलर प्लांट की बोलेरो नदी में गिरने से दो कर्मचारियों की मौत हो गई है। हादसे में चार लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है। सड़क हादसे में एक ट्रक का चालक दोनों ट्रक के बीच में फंसा रहा। पुलिस ने तकरीबन डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू करने के बाद चालक को जीवित निकाला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया है।

## ईंट से कूचकर दोस्त की हत्या, शव को पेट्रोल डालकर जलाया, चप्पल से हुआ खुलासा!

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ, में एक युवक ने पहले तो दोस्त के साथ बैठकर शराब पी फिर उसके बाद नशे में ईट से कूचकर उसकी हत्या कर दी. इतना ही नहीं इसके बाद युवक ने शव को पेट्रोल डालकर जला दिया और मौके से फरार हो गया. हालांकि, वारदात वाली जगह से मृतक के चप्पल मिलने के बाद मामले का खुलासा हो गया. फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. शुरुआती पूछताछ में लूट के इरादे से हत्या की बात सामने आई है. जानकारी के मुताबिक, लखनऊ के थाना बंथरा क्षेत्र में 32 साल का सनी बैंक में 1 लाख रुपये जमा कराने गया था लेकिन शाम तक वापस घर नहीं लौटा. सनी के पिता अवधेश सिंह ने बताया कि जब बेटा घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई. शाम को गांव के पास ही उसकी बाइक लावारिस हालत में मिली.। अनहोनी की आशंका के चलते घरवालों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. जब पुलिस ने जांच-पड़ताल की तो देर रात बिजनौर रोड पर जंगल में सनी का अधजला शव मिला. इसकी सूचना मिलते ही घरवालों ने पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस का कहना है कि सनी अपने दोस्त दुर्गेश के साथ 9 अगस्त को घर से निकला था. दोनों पूरे दिन साथ रहे. इस बीच सनी ने एक मोबाइल खरीदा और ढाबा पर खाना खाया. 8000 रुपये की स्मैक और शराब पी. तभी दुर्गेश की नजर सनी के पैसों पर प? गई. उसे लालच आ गया. इसी चक्कर में दुर्गेश ने अपने दोस्त सनी की हत्या कर दी. पहचान छुपाने के लिए बाइक से पेट्रोल निकाल कर शव में आग लगा दी और फिर पैसे लूटकर वहां से भाग गया. पुलिस ने घटनास्थल पर पड़े चप्पलों से सनी की पहचान की और बाद में हत्यारोपी को गिरफ्तार किया. छ्वष्टक्कसाउथ जोन विनीत जायसवाल के ने बताया कि आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है. उसने पैसों को लूटकर शव को पेट्रोल डालकर जला दिया था. फिलहाल, मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## हिमाचल में महाप्रलय, चीखें, मलबा और मौत

### 52 की जान गई, संपत्ति का हिसाब नहीं

**शिमला , एजेंसी।** हिमाचल में भारी बारिश से जल प्रलय आ गई है। एक ही दिन में हिमाचल में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो हुई है। वहीं कई लोग ऐसे हैं, जो अभी भी लापता हैं। मंडी, शिमला और सोलन जिला में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इन जिलों में मरने वालों का आंकड़ा दोहरे अंकों में है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य जिलों में भी कई लोगों की मौत हुई है। प्रदेश में करीब 52 लोगों की मौत अभी तक दर्ज की गई है। आने वाले समय में इसमें और वृद्धि होने की संभावना है। शिमला में भारी बारिश की वजह से कालका-शिमला रेलवे ट्रैक को नुकसान हुआ है। यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल 120 साल पुराने ट्रैक पर पहली बार रेल पटरियां हवा में लटक गई। वहीं उत्तराखंड में लगातार बारिश से टिहरी, हरिद्वार और ऋषिकेश में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।शिमला के फागली वार्ड में तीन ढारों में करीब पांच लोगों की मौत हो गई है, वहीं तीन लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए आईजीएमसी भेज दिया गया है। वहीं चार लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। वहीं अभी भी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं शिमला जिला के समरहिल के समीप शिव बावड़ी में एक और बड़ा हादसा पेश आया है। सोमवार सुबह सात बजे भारी बारिश की वजह से भू-स्खलन की चपेट में शिव बावड़ी मंदिर आ गया। इससे यहां मौजूद 30 से ज्यादा लोग मलबे में दब जाने की बात कही जा रही है। अभी तक यहां नौ लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं।





### समरहिल में मलबे से निकाले गए तीन के शव, 11 की मौत, कई लापता

राजधानी शिमला के समरहिल में सोमवार की सुबह हुए भूस्खलन के कारण निचली ओर बने शिवमंदिर और ढारे मलबे में दब गए। सोमवार को आठ शव निकाले गए। मंगलवार को फिर एनडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया। मंगलवार सुबह को तीन और शवों को निकाल लिया गया है। अभी तक 11 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

### सीएम सुक्खू ने सभी कल्चरल प्रोग्राम रद्द किए

तबाही के बारे में राज्य के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में स्वतंत्रता दिवस पर किसी भी सांस्कृतिक कार्यक्रम को आयोजित नहीं करने का फैसला लिया गया है. पिछले 24 घंटों में 52 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है. 20 से ज्यादा लोग अभी भी फंसे हुए हैं, मरने वालों की तादात बढ़ भी सकती है. खोज और बचाव अभियान जारी है. स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा हुआ है। यह मंदिर शिमला के उपनगर बालूगंज इलाके में समरहिल पर स्थित है। सावन सोमवार होने की वजह से मंदिर में सुबह से भीड़ थी। इसके अलावा सोलन के ममलीग के जड़ौण गांव में देर रात करीब डेढ़ बजे बादल फटने से एक परिवार के सात लोगों और अर्की के चलोग गांव में देर रात भवन की दीवार गिरने से एक युवती और बच्चे की दबकर मौत हो गई है। लौहारघाट पंचायत के बानली गांव में एक मकान ढहने से पत्नी-पति मलबे में दब गए। इसमें पति को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि पत्नी की मौत हो गई है। उधर, जिला मंडी में बादल फटने, भू-स्खलन और बाढ़ के चलते 19 लोगों की जान चली गई है। सरकाघाट के मसेरन में बादल फटने से एक महिला की मौत हो गई है। धर्मपुर में भू-स्खलन के चलते दो मौतें हुई हैं। द्रंग क्षेत्र के सेगली में कुल सात लोगों की दबने से मौत हो गई है और छह जख्मी हैं। मृतकों में तीन महिलाएं 3 बच्चे और एक व्यक्ति के शव भी बरामद कर लिए गए हैं।



### चंद्रमा को छूने से बस एक कदम दूर चंद्रयान-3

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** चांद से भारत के चंद्रयान-3 की दूरी लगातार कम होती जा रही है। यानी अब वह समय करीब आ रहा है, जब चंद्रयान चांद की सतह को छू लेगा। सोमवार को एक बार फिर चंद्रयान-3 की कक्षा घटा दी गई। अब इसे 174×1437 से घटाकर 150 किमी×177 किलोमीटर कर दिया गया है। अब चंद्रयान चंद्रमा के बेहद करीब चक्कर लगाएगा।भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 ने तीसरी बार अपनी कक्ष कम होने के बाद सोमवार को कक्ष का गोलाकार चरण शुरू किया। यह सिलसिला 16 अगस्त तक चलेगा और इसके बाद चंद्रयान चांद पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार होगा। इसरो ने ट्वीट करके कक्षा घटाने की जानकारी दी है। इसरो की तरफ से कहा गया है कि 16 अगस्त को सुबह साढ़े 8 बजे अगला ऑपरेशन होगा। इससे पहले 9 अगस्त को चांद की कक्षा घटाई गई थी। उससे भी पहले पांच अगस्त को इस कक्षा को घटाकर 164 × 18074 किलोमीटर किया गया गया था। आपको बता दें कि 14 जुलाई को इस मिशन को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लांच किया गया था।

**फिर घटाई कक्षा, अब चांद से सबसे कम दूरी 150 किमी**

**आयोजन** — सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में फहराया तिरंगा, परेड की सलामी ली

# प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रारंभ की जाएगी

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज भोपाल के लाल परेड मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस बार परेड में 18 टुकड़ियां शामिल हो रही है, हर्ष फायर किया गया। पहली बार लाड़ली बहना सेना भी परेड में शामिल हुई । इसके पहले सीएम शिवराज ने अपने निवास पर भी ध्वजारोहण कर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा कोरोना संक्रमण के बाद पहली बार अश्वारोही दल भी शामिल किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रारंभ की जाएगी, जिससे वंचितों को आवास उपलब्ध कराएं जाएंगे।मुख्यमंत्री मेघावी योजना प्रारंभ कर रहे है। जिससे हमारे बच्चों को लाभ मिले। महालोक की तर्ज पर प्रदेश के कई स्थानों पर धार्मिक लोगो बनाए जाएंगे।

हर वर्ष यह आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम में होता था, पर इस बार स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम लाल परेड मैदान में आयोजित किया गया । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां उत्कृष्ट सेवा और वीरता के लिए पदक पाने वाले पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया।



### आजादी तो मिली, लेकिन अखंड भारत नहीं

लाल परेड मैदान में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि क्रांतिकारियों की त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण भारत आजाद हुआ। एक कसक हमारे सीने में आज भी है। आजादी तो मिली, लेकिन अखंड भारत नहीं मिला। विभाजन की विभिषिका भूले नहीं भूलती। उस समय ऐतिहासिक भूल हुई भारत के टुकड़े कर दिए गए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आज निवास पर ध्वजारोहण कर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

समारोह में पुलिस महानिदेश सुधीर सक्सेना भी मौजूद रहे। मुख्य परेड का नेतृत्व इंडियन पुलिस सेवा की एसीपी सोनाक्षी सक्सेना ने किया सहायक परेड कमांडर के रोल में उप एसीपी भोपाल एटीएस के राहुल कुमार सैयाम मौजूद थे। परेड में पुलिस बैंड समेत 18 टुकड़ियां शामिल हुईं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक और ऐतिहासिक भूल हुई उस समय, कश्मीर की आजादी के लिए हमारी सेनाएं लड़ रही थीं, अचानक युद्ध विराम हो गया। बाद में कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान में रह गया। लेकिन, भारत में जो कश्मीर था, उसमें भी धारा 377 लगाकर भारत के साथ उसको एक नहीं होने दिया। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस धारा को खत्म कर च्एक देश में दो विधान नहीं चलेंगे के संकल्प को पूरा किया गया है।

श्री चौहान ने कहा कि दुनिया को आदर्श देने वाला हमारा देश आपसी मतभेदों के कारण बीच में गुलामी का शिकार हुआ। पहले मुगल, फिर अंग्रेजों के आक्रमण हुए। तब भी भारत ने अपनी संस्कृति, दर्शन, परंपरा को नहीं छोड़ा। भारत की आत्मा मरी नहीं। हमारे महापुरुष संघर्ष करते रहे।भारत ने दुनिया को हजारों साल पहले एकता का संदेश दिया। हमारे ऋषि कहते थे- एकम सत्यम विप्रा बहुधा वदंति, यानी- सत्य एक है- जिसे बुद्धिमान विभिन्न नामों से बुलाते हैं। भारत का इतिहास 75 साल पुराना नहीं है। हजारों साल पुराना तो ज्ञात इतिहास है हमारा। जब दुनिया के विकसित देशों में सभ्यता का सूर्य उदय नहीं हुआ था, तब हमारे यहां वेद रच दिए गए थे।

स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय नगर पालिका परिषद जिला दमोह

अपील
1 आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान
2 स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में सक्रिय भागीदारी निभाने अपना दमोह स्वच्छ बनायें।
3 नगर पालिका की डोर टू डोर कचरा वाहनों में कचरा डालें गीला सूखा कचरा पृथक पृथक डिब्बे में डालें।
4 कचरा सड़क में न फेंके।
5 पॉलिथीन का उपयोग न करें।
6 सम्पत्ति कर जलकर उपभोक्ता प्रभारी आदि सभी कर समय से जमा करें।
7 नलों में टोटियां लगायें पानी व्यर्थ न बहाएं।
8 सार्वजनिक/ शासकीय जगह पर अतिक्रमण न करें।

श्रीमती मंजू /वीरेन्द्र राय
अध्यक्ष
नगर पालिका दमोह

श्रीमती सुषमा /विक्रम सिंह
उपाध्यक्ष

भैयालाल सिंह
मुख्य नगर पालिका अधिकारी





पनागर विधानसभा के समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
स्वागत......वंदन......अभिनंदन
आजादी का अमृत महोत्सव
शैलेन्द्र पटैल (शैलू)
जनपद पंचायत अध्यक्ष, पनागर
निवेदकः जनपद पंचायत पनागर के समस्त हेतुल्य गणमान्य जन



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भूपेन्द्र मरावी
विधायक



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. सतेन्द्र चौबे
पार्षद



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पुष्पेन्द्र पैंडरे
तहसीलदार



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. राकेश सिंह
सांसद
सोनिया रंजीत ठाकुर
पार्षद



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नगर परिषद शहपुरा
शालिनी अग्रवाल
अध्यक्ष
मुकेश साहू
अध्यक्ष



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. राकेश सिंह
सांसद
मा. रानू तिवारी
ग्रामीण जिला अध्यक्ष
मा. राकेश पटेल
संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ
जिला ग्रामीण जबलपुर



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जी आर भगत
साईं हास्पिटल



शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महासचिव (ज़िला कांग्रेस कमेटी) प्रभारी,
बी.ऐल.ए एवं बूथ प्रबंधन
(ज़िला कांग्रेस कमेटी)
सुकीर्थ त्रिपाठी



JITO
AMRITKAAL MAHOTSAV
COMMITTED TO NATION BUILDING
Azadi Ka Amrit Mahotsav
हार्दिक शुभकामनाएं
सुबोध कुमार जैन



गूंज रहा है दुनिया में हिंदुस्तान का नारा, चमक रहा है आसमान में तिरंगा हमारा
Happy Independence Day
Dr. Anurag Soni
International Educator & Motivator
Chairman- British Fort Foundation



15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Chaman Shrivastva
Chairman
A.P.N. GROUP OF INSTITUTION
The Oldest Institute of Mahakoushal
Estd. 1871
A.P.N.H.S.School (State Board)
A.P.N.C.B.S.E Senior Secondary School (Central Board)
A.P.N. Degree College · APN Post Degree College
A.P.N Law College · A.P.N B.ed College · A.P.N D.El.Ed.College
Office Landline Phone :- 0761-2629223 2629229



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आई सी टी कम्प्युटर इंस्टीट्यूट मझौली
आई सी टी कम्प्युटर इंस्टीट्यूट मझौली
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार वि. विद्यालय भोपाल से संबंद्ध पता सिहोरा रोड मझौली
राजेश सिंह राजपूत
संचालक



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
MISPA MISSION HIGH Hr. Sec. SCHOOL
May we all be together,
may we all contribute
may we all believe in the
developmant of the country
1 RAJEST KHANDARE (Director)
2 Sunil Dubey (Principal)
3 Anushree KHANDARE (Vice Principal)
Venue
MISPA MISSION HIGH Hr. Sec. SCHOOL
Premises Jhugiya Road, Patan,
Jabalpur (mp) Mo.8305294729



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अजय विश्नोई
विधायक
पाटन विधानसभा
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की अनेकानेक शुभकामनाएं। आइए, इस ऐतिहासिक अवसर पर अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को और सशक्त बनाएं। जय हिंद!



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनी राकेश चौधरी
पार्षद वार्ड नं. 4
राकेश चौधरी
समाजसेवी



JAYPEE GROUP



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शरद विश्वकर्मा डीई
मप्र पूर्व क्षेत्र वि.वि.क. पाटन डिवीजन



76 वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अजय विश्नोई
पाटन विधायक
ग्राम पंचायत कैथरा पाटन
कृष्ण कुमार पटेल
सरपंच



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देवकुमार यादव
समाजसेवी
शक्तिदेव कुमार यादव
उपाध्यक्ष नगर परिषद पाटन



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वच्छता में नंबर वन
नगर परिषद पाटन



77th
15th August
HAPPY INDEPENDENCE DAY
हर एक दिल में हिंदुस्तान है, राष्ट्र के लिए मान-सम्मान है। भारत मां के बेटे हैं हम, इस मिट्टी पर हम सब को अभिमान है।
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं!
ADITYA BIRLA
HINDALCO
हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड
यूनिट-महान एल्युमीनियम बरगंवा सिंगरौली (म.प्र.)



76 वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पं. सुशील तिवारी
पनागर विधानसभा
जनपद सदस्य एवं सभापति
पूर्व महामंत्री भाजपा
प्रदीप साहू



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कपिल फ़र्टिलाइज़र
चौपाटी वार्ड मनकेडी रोड पाटन
प्रो कपिल विश्वकर्मा
78983 05786



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौरसिया ट्रेडर्स
लोहा सीमेंट बिल्डिंग मटेरियल के विक्रेता
मो.94258 33853
दीपक चौरसिया Lic सी एम क्लब मेंबर
जबलपुर रोड कृषि उपज मंडी के पास पाटन
LIC



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णशेखर सिंह
जिला उपाध्यक्ष
भाजपा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पाटन
राकेश सिंह
सांसद



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीएम राइज शास. उत्कृ. माध्य. विद्यालय पाटन जबलपुर
अनुज कुमार सेन
प्राचार्य सीएम राइज स्कूल पाटन



76 वें स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पं. सुशील तिवारी
पनागर विधानसभा
ग्राम पंचायत ननाना
सरपंच संगठन अध्यक्ष पनागर
प्रदीप पटैल
सरपंच








































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायलयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)